कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 10.10.2024

/प्रेस विज्ञप्ति/

व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग कब्जा बरकरार

शासकीय इंदिरा गाँधी महाविद्यालय वैशाली नगर द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय उच्च शिक्षा विभाग अंतरमहाविद्यालीन व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग ने सेमीफाइनल में वैशाली नगर महाविद्यालय को 25–20, 25–12 से परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया । कन्या महाविद्यालय की प्रिया शिखा, राखी, दीप्ती, अनुष्का, तोमेश्वरी, नीरजरा ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

शासकीय कन्या महाविद्यालय, दुर्ग ने फाइनल मैच में स्वामी स्वरूपानन्द महाविद्यालय, हुडको को 25–16, 25–15 लगातार सेट में परास्त कर पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी विजेता होने का गौरव हासिल किया। महाविद्यालय की टीम इस प्रकार थी – प्रिया शिखा (कप्तान), राखी सिंग, दीप्ति राठौर, अनुष्का निषाद, तोमेश्वरी जंघेल, नीरजरा टांडी, संतोषी, श्वेता, सुष्मिता नायक, शांति पोयम, सुबोशनी, टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे, क्रीडाधिकारी थी। डॉ. दुबे ने बताया कि उपरोक्त खिलाड़ियों का अभ्यास बी. आई. टी. मैदान में होता था। इस टीम में सम्मिलित 5 खिलाड़ी पिछले साल भी ईस्ट जोन विश्वविद्यालीन प्रतियोगिता में भाग ले चुके हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी. सी. अग्रवाल, क्रीडा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएँ दी।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)